राष्ट्रीय हिंदी/अंग्रेज़ी दैनिक

# मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

नई दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, एनसीआर, नूंह से प्रकाशित | संपादक अभयसिंह सैनी | 9992904845,8059956005

वर्ष : 03 | अंक : 103 | नूंह, सोमवार 13 जनवरी 2025 | आर एन आई नंबर : HARBIL/2022/87426 | मूल्य : 2 रूपए | पेज : 08 | mewatnewsexpress11@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव लड़ने के लिए आतिशी ने जनता से मांगी मदद

● '40 लाख चाहिए, रु.100-1000.. अपनी इच्छा से दें चंदा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहीं आतिशी ने अपने चुनाव खर्च के लिए



शनिवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस करके क्राउड फंडिंग कैंपेन लॉन्च किया। आतिशी ने चुनाव लड़ने के लिए जनता से मदद मांगी। सीएम ने कहा कि हम चुनाव के लिए बड़े व्यापारियों से पैसे नहीं लेते। आप सरकार आम लोगों के लिए काम करती है। जनता के सपोर्ट और सहयोग से ही मैं कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ूंगी। चुनाव लड़ने के लिए 40 लाख रुपये की जरूरत हैं। क्राउड फंडिग अभियान का समर्थन करें।

### केजरीवाल का चैलेंज, कहा- झुग्गी वालों को मकान दो, फिर चुनाव नहीं लड़ूंगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व सीएम केजरीवाल ने दिल्ली की शकूर बस्ती से अमित शाह को चैलेंज किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने कई इलाकों की झुग्गी-



झोपड़ियां तोड़ी हैं। अगर वह झुग्गीवालों को उसी जमीन पर मकान बनाकर देंगे तो मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा।

केजरीवाल ने भाजपा से यह भी कहा कि जिन झुग्गी-बस्ती वालों के केस कोर्ट में चल रहे हैं, आप वापस ले लीजिए। मैं चुनाव न लड़ने की गारंटी देता हूं। दरअसल, शनिवार को शाह ने झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन में कहा था कि हर झुग्गी वालों को भाजपा पक्का मकान देगी।

मिल्कीपुर उपचुनाव

### गन पॉइंट पर गड़बड़ हो तो जो निर्णय लेना हो लें...

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी की राजधानी लखनऊ में रविवार को समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर



लोगों को संबोधित किया। कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि धर्म से ज्यादा रोटी की जरूरत है। गरीब को धार्मिक बात समझाना गलत होगा।


अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर उपचुनाव पर सरकार को घेरा। कहा कि मिल्कीपुर चुनाव में गन पॉइंट पर गड़बड़ की गई तो मैं अपने कार्यकर्ताओं से कहूंगा, उस समय जो फैसला ले सकते हैं लें। सपा मुखिया ने कहा कि इस बात को अपने मन में रखें, इंडिया गठबंधन मजबूत है और मजबूत रहेगा। जिस राज्य में भाजपा के खिलाफ जो क्षेत्रीय दल मजबूत है, उसका साथ दिया जाना चाहिए।



महाकुंभ का शंखनाद

# आज महाकुंभ का पहला स्नान

### महाकुंभ में बारिश, साधु-संत ऊंट-घोड़े पर निकले



**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ के लिए आज आखिरी अखाड़े की पेशवाई निकाली गई। श्री पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़े के एक हजार से ज्यादा साधु-संत ऊंट, घोड़े, रथ पर सवार होकर महाकुंभ के लिए निकले। इसी बीच यहां बारिश शुरू हो गई। भीगते हुए हर-हर महादेव और जय-जय श्रीराम के जयकारे लगाते संत आगे बढ़ रहे थे।

आज यानी 13 जनवरी को महाकुंभ का पहला स्नान है। ऐसे में आज ही श्रद्धालु पहुंचने लगे हैं। सड़कों पर श्रद्धालुओं की लाइन लगी है। ये श्रद्धालु महाकुंभ मेला क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। यह पेशवाई रामबाग फ्लाईओवर से भव्य यात्रा के रूप में महाकुंभ के लिए रवाना हुई थी। जानसेनगंज, चौक, घंटाघर होते हुए करीब 3 किमी की यात्रा पूरी कर पेशवाई महाकुंभ के सेक्टर 20 में बने अखाड़े के शिविर में पहुंचेगी। अखाड़े के महंत दुर्गादास महाराज ने बताया- पूरे देशभर के साधु संत इसमें शामिल हुए हैं।

### प्रयागराज में 144 साल बाद महाकुंभ का आयोजन, देश-विदेश से साधु-संत पहुँचे

महाकुंभ का पहला शाही स्नान आज पूर्णिमा के शुभ अवसर पर होगा। हिंदू पंचांग के अनुसार, पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 13 जनवरी यानी आज सुबह 5 बजकर 03 मिनट पर होगी और तिथि का समापन 14 जनवरी को अर्धरात्रि 3 बजकर 56 मिनट पर होगा।

### पहले शाही स्नान का शुभ मुहूर्त और महत्व

13 जनवरी यानी आज से प्रयागराज में महाकुंभ शुरू हो गया जिसका समापन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन होगा। कुंभ मेले का महत्व न केवल धार्मिक है बल्कि इसका ज्योतिषीय आधार भी है। ये मेला धार्मिकता, आस्था और संस्कृति का एक अनूठा संगम है। ये आयोजन ना केवल भारत के विभिन्न कोनों से लाखों लोगों को जोड़ता है बल्कि विश्व भर के पर्यटकों को भी आकर्षित करता है।

कुंभ 12 साल में एक बार आता है, जिसका आयोजन भारत के चार प्राचीन शहरों हरिद्वार, नासिक, प्रयागराज और उज्जैन में होता है. इन संगम के पवित्र जल में कुंभ के स्नान और पूजा-अर्चना का सबसे बड़ा मौका होता है। मान्यता है कि कुंभ के मेले में स्नान करने से पापों से मुक्ति मिल जाती है। समुद्र के मंथन से निकले अमृत को पाने के लिए देवताओं और राक्षसों में 12 वर्षों तक युद्ध चला। इस युद्ध के दौरान कलश में से जिन स्थानों पर अमृत की बूंदें गिरीं वहां पर कुंभ मेला आयोजित किया जाता है।

*प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व और मार्गदर्शन प्राप्त होना देश का सौभाग्य*

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवा दें हर संभव योगदान : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

**भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि युवा, हमेशा से ही देश और समाज को समर्पित रहे हैं। अंग्रेजों के विरूद्ध स्वतंत्रता संग्राम हो या अन्य आक्रांताओं के विरोध के समय, युवाओं ने आवश्यकता होने पर देश और समाज के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर धर्म, संस्कृति और जीवन मूल्यों को सुरक्षित रखा है। वर्तमान समय भारत को विश्व में विकसित देश के रूप में स्थापित करने का समय है। यह हमारा सौभाग्य है कि देश को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व और मार्गदर्शन प्राप्त है। उन्होंने आह्वान किया कि युवा अपनी क्षमता, योग्यता और



परिश्रम से वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के प्रति समर्पित भाव से अपनी-अपनी विधाओं के क्षेत्र में हरसंभव योगदान दें। प्रधानमंत्री श्री मोदी के ध्येय वाक्य 'ज्ञान पर ध्यान' के अंतर्गत गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। देश की प्रगति के लिए युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक दिशा देने के उद्देश्य से ही प्रदेश में स्वामी विवेकानंद जयंती-राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 'स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन' आरंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को रवीन्द्र भवन भोपाल में युवा शक्ति मिशन के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे।


विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 : देशवासियों से बोले पीएम मोदी

## स्वामी विवेकानंद को युवाओं पर बहुत भरोसा था, मुझे उनकी बात पर पूरी आस्था

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि रविवार को पूरा देश स्वामी विवेकानंद को याद कर रहा है, उन्हें नमन कर रहा है। स्वामी विवेकानंद को देश के युवाओं पर बहुत भरोसा था। पीएम मोदी ने कहा, स्वामी जी कहते थे कि मुझे युवा पीढ़ी पर भरोसा है, नई पीढ़ी पर भरोसा है। स्वामी जी कहते थे, मेरे कार्यकर्ता युवा पीढ़ी से आएंगे...। जैसे विवेकानंद जी को आप पर भरोसा था, मुझे भी विवेकानंद जी पर भरोसा है। मुझे उनकी कही हर बात पर भरोसा है। बकौल प्रधानमंत्री मोदी, स्वामी विवेकानंद ने भारत के युवाओं के लिए जो भी सोचा और कहा है, उस पर मुझे पूरी आस्था है।

पीएम मोदी ने कहा, अगर हमारे हर निर्णय, कदम और नीति का मार्गदर्शन 'विकसित भारत' का विचार करे तो दुनिया की कोई भी ताकत हमें विकसित होने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि आज भारत के युवाओं की ऊर्जा ने भारत मंडपम को जोश से भर दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, समय के चक्र को



देखिए। इसी भारत मंडपम में, जहां आप सब एकत्र हुए हैं, वैश्विक नेता विश्व के भविष्य पर चर्चा कर रहे थे। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं आज उसी स्थान पर हूं, जहां देश के युवा भारत के अगले 25 वर्षों का रोडमैप तैयार कर रहे हैं।

अपना संस्मरण सुनाते हुए पीएम मोदी ने कहा, कुछ महीने पहले, मैं अपने निवास पर युवा एथलीटों के एक समूह से मिला, और उनमें से एक ने खड़े होकर कहा, मोदी जी, आप दुनिया के लिए भले ही प्रधानमंत्री हों, लेकिन हमारे लिए प्रधानमंत्री का मतलब 'परम मित्र' है। मुझे आप पर बहुत भरोसा है। यह विश्वास ही है जो विकसित भारत युवा नेता संवाद को आगे बढ़ाता है। मेरा विश्वास है कि भारत के युवाओं की ताकत से भारत जल्द ही एक विकसित राष्ट्र बनेगा।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को भारत मंडपम पहुंचे। यहां उन्होंने 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' में प्रतिभागियों के साथ मुलाकात की।

कार्यक्रम बिना किसी राजनीतिक संबंध वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने के उनके प्रयासों के तहत आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद की जयंती के मौके पर होने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित किया जा रहा है।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस पर

### भोपाल के सुभाष स्कूल में सीएम यादव ने किया योग

**भोपाल (एजेंसी)।** स्वामी विवेकानंद की जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस पर 12 जनवरी को प्रदेश के सभी स्कूलों में सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार का आयोजन हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट स्कूल में योग किया। वहीं, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने नरसिंहपुर जिले के ग्राम डोभी के सीएम राइज स्कूल में विद्यार्थियों के साथ सूर्य नमस्कार किया।

प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम यादव ने कहा भारत हर क्षेत्र में अपनी



पहचान बना रहा है और सरकार हर वर्ष सूर्य नमस्कार का आयोजन करती है। आज मध्यप्रदेश सरकार युवा शक्ति मिशन लॉन्च कर रही है, जिसके जरिए हमने प्रदेश के युवाओं को शिक्षित करने का संकल्प लिया है। हमारी योजना है कि 10वीं और 12वीं कक्षा में प्रदेश का युवा शत-प्रतिशत उत्तीर्ण होकर शिक्षित बने। उन्होंने आगे कहा- हमने यह लक्ष्य तय किया है कि 2028 तक मध्यप्रदेश के 70 प्रतिशत से ज्यादा युवा स्वरोजगार प्राप्त करेंगे।

### सीएम बोले- सपने देखें और पूरा करने आगे बढ़ें

सुभाष स्कूल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि जब युवा कभी बोलते हैं तो मुझे एक तरह से स्वामी विवेकानंद का ध्यान आता है। स्वामी विवेकानंद जयंती के माध्यम से सनातन संस्कृति सभ्यता हिंदुस्तानी दर्शन का योगदान पूरे देश के लिए एक तरह से अलग ही आनंद देता है। इसके माध्यम से हम युवा शक्ति की पहचान पाते हैं और युवा शक्ति के माध्यम से राष्ट्र शक्ति का अहसास भी कहते हैं। आज के अवसर पर मैं यहां उपस्थित सभी से और कम से सभी युवाओं को नमन करता हूं बधाई देता हूं। स्वामी विवेकानंद जी ने राष्ट्रभक्ति और युवा शक्ति को सर्वोपरि माना। उन्होंने हमारे जीवन में सदैव युवाओं को सीख दिया स्वयं पर भी लागू किया। उठो जागो, तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न कर लो।

## शौर्य स्मारक में बनाई विश्व की सबसे बड़ी रंगोली

● 4 हजार किलो कलर्स का हुआ इस्तेमाल, 18 हजार स्कायर फीट में बनी रंगोली

**भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल के शौर्य स्मारक में विश्व की सबसे बड़ी थ्री डी रंगोली बनाई गई। इस रंगोली में स्वामी विवेकानंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की तस्वीर उकेरी गई है। साथ ही, इसमें युवा शक्ति मिशन के ध्येय वाक्य 'संवाद, सामर्थ्य और समृद्धि' का संदेश भी दिया गया है। इस रंगोली को बनाने में करीब 4,000 किलो रंग का इस्तेमाल हुआ।



## स्पेडेक्स मिशन- इसरो ने डॉकिंग ट्रायल किया

### दो सैटेलाइट्स को पहले 15 मीटर, फिर 3 मीटर तक नजदीक लाए, डेटा एनालिसिस के बाद प्रोसेस पूरी होगी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट का सफल ट्रायल किया। इसरो ने 2 स्पेस सैटेलाइट के बीच दूरी पहले 15 मीटर, फिर 3 मीटर तक रखी। इसके बाद दोनों सैटेलाइट को वापस सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया।

इसरो ने बताया, डॉकिंग ट्रायल का डेटा एनालिसिस किया जा रहा है। इसके बाद आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। दरअसल स्पेडेक्स मिशन की डॉकिग दो बार टल चुकी है। पहले 7 जनवरी फिर 9 जनवरी को डॉकिंग किया जाना था।



इसरो ने 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से रात 10 बजे SpaDeX यानी स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन लॉन्च किया था। इसके तहत पीएसएलवी-सी 60 रॉकेट से दो स्पेसक्राफ्ट को पृथ्वी से 470 किमी ऊपर डिप्लॉय किए गए थे।

यदि मिशन आगे सफल रहता है तो रूस, अमेरिका और चीन के बाद भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन जाएगा। मिशन की कामयाबी पर ही भारत का चंद्रयान-4 मिशन निर्भर है, जिसमें चंद्रमा की मिट्टी के सैंपल पृथ्वी पर लाए जाएंगे। चंद्रयान-4 मिशन को 2028 में लॉन्च किया जा सकता है।

## 18 राज्यों में कोहरा, दिल्ली में 25 ट्रेनें, फ्लाइट लेट

### जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और लद्दाख में बर्फबारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और लद्दाख में बर्फबारी के कारण कई इलाकों में तापमान 0 डिग्री से नीचे

● अयोध्या में पारा 4 डिग्री, म.प्र. के 8 शहरों में आंधी-बारिश, राजस्थान में ओले गिरे

बना हुआ है, इस कारण यहां बर्फीली हवाएं चल रही हैं, जिसका असर उत्तर भारत के राज्यों में भी देखने को मिल रहा है।

दिल्ली समेत देश के 18 राज्यों में घना



कोहरा देखने को मिला। धुंध का सबसे ज्यादा असर पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में दिखा। दिल्ली में विजिबिलिटी घटने से 25 ट्रेनें और कुछ फ्लाइट्स लेट हुईं।

उत्तर प्रदेश के कानपुर, मैनपुरी, फतेहपुर, रायबरेली में न्यूनतम तापमान 4 से 5 डिग्री के बीच रहा। अयोध्या लगातार दूसरे दिन पूरे प्रदेश में सबसे ठंडा जिला रहा।

# The venue for athletes is the Stay Fit Sports Zone

▶ Indoor, outdoor built to high standards

▶ Inagral offer with 25% discount : mariada praneeth





Warangal, 12 January : Manager mariada praneeth said that stay fit sports zone badminton, pickle ball indoor outdoor has been designed with a new idea of health is great blessing at a time when people are facing physical and mental health problems with changing food habits. Hanumakonda District 100 Feet Road Prashanth Nagar Road No. 5 newly constructed Stay Fit Sports Zone was inaugurated on Sunday.On this occasion, organizer Mariada Praneet said that Stay Fit is very useful for everyone to maintain their health and beautify their body shape in a fashion fit. He said that children and adults have been designed to train here so that they can excel in the games of badminton and pickle ball and excel at the national and international level of the state. On this occasion, he asked the people of the city to take advantage of this opportunity and bring out their sports skills by saying that Stay Fit Sports Zone has been made available for the first time in Warangal city. Membership, pay per hour, kids coaching, no registration fee, tournaments are available for interested players. The lowest prices are Weekdays Rs.600, Weekends Rs.800, Memberships Monthly Rs. 12000 with Inagral offer of 25%, he said. Organizers Pradeep, Srijana, Shravan, family members and others participated in this program.

## Leaders of Forum for Better Sangareddy participated in the Swami Vivekananda Jayanti programme

Sangareddy District January 12 : On the auspicious occasion of the birth anniversary of Swami Vivekananda, an inspiration to the youth, the leaders of the Forum celebrated the birth anniversary by garlanding the statue of Vivekananda in Sangareddy district center.On this occasion the President of the Forum Sridhar Mahendra said that Swami Vivekananda at a very young age had inspired Indian spiritual values and youth consciousness through his speeches in front of many countries in the world. That he was a great man who propagated Kartavya Diksha. Swami Vivekananda is a great inspiration who showed many ways of solving poverty and ignorance all over the country through his intelligence.He said that the youth should respond to the social problems around them without taking Swami Vivekananda's life as an example and show solutions.Forum for Better Sangareddy Vice President Sajjad Khan, Secretary Pandu Rangam, Working Committee Members Thimma Galla Raju, Sai Varala, Banjara Leaders and Balu Leaders participated in this program.



## Mina Super Speciality Hospital Announces Free Medical Camp on the Occasion of Ramadan




In celebration of the holy month of Ramadan, Mina Super Speciality Hospital is offering a special medical camp for the poor and needy patients. Starting from January 13, 2025, the three-month-long camp will provide free consultations with experienced doctors on fasting and health-related concerns, including issues like diabetes, blood pressure, kidney disease, and more. The camp will run until April 12, 2025.

This initiative is led by Dr. Hidayatullah Khan, the hospital's founder, with the aim to offer world-class medical services to the public. Mina Super Speciality Hospital has earned a stellar reputation for providing top-tier medical care across multiple specialties, under one roof. The hospital regularly organizes free mega camps to support the community, and this Ramadan camp will be no exception.

**Free Mega Health Camp Details:**

**Location: Mina Super Speciality Hospital, Pillar No. 254, Rajender Nagar**

**Camp Duration: January 13, 2025 - April 12, 2025**

**Hours: 9 AM - 8 PM daily**

**Services: Free consultations with specialists in General Medicine, Diabetes, BP, Orthopedics, Pulmonology, ENT, Dental care, Gynaecology, Neurology, Gastroenterology, Nephrology, Ophthalmology, Heart Disease, and Pediatrics.**

Additionally, in-patients during the camp will receive a 15% discount on treatment and a 10% discount on medicines.Mina Super Speciality Hospital continues its commitment to providing the highest standard of care and support to the community, especially during the blessed month of Ramadan.

### PICTALK



Hyderabad; January 12 : The students of Badruka Group of Colleges have hosted their annual charity event, "SANNIHITH", at Saroornagar Cricket Grounds, L. B. Nagar This event, which is being successfully conducted since 2013, aims to bring joy and excitement to the lives of underprivileged children from various orphanages in the city Over 1200 participants from different orphanages took part in this year's event, which turned out to be an action-packed day of sports and fun. The event featured a series of thrilling rounds, culminating in prizes awarded to the winning teams in the final round."SANNIHITH" is a testament to the students' commitment to giving back to the community and making a positive impact on the lives of those in need. The event is a shining example of the college's values of empathy, kindness, and social responsibility."We are thrilled to be hosting 'SANNIHITH' for the 8th year," said Kishan Badruka, Hon. Secretary, SGGBES. He remarked "It's a wonderful opportunity for the students to make a difference in the lives of these amazing children, and we appreciate the support of our students and the community" for this noble cause.

Chief Patron - C. A. Laxmi Nivas Sharma, Chairman

Patrons -kishan Badruka, Hon. Secretary Ravi Badruka, Joint Secretary

Advisor - Prof. S. Abhirama Krishna, DG

Committee Members - Dr. M. Rajashakar Reddy (BCPGC)

Dr. B. Mohan Kumar (BCCA) Dr. DVNS Murthy (BBCIT)

Prof. VS Ramakrishna ,Thakur Asha Rani, Dr. B. Purna Chandra Murthy (CMO)

### PICTALK



Sangareddy District January 12 : Joint Medak Nizambad Karimnagar Adilabad Graduations MLC candidate for Swami Vivekananda statue at IB in Sangareddy town on the occasion of Swami Vivekananda's 162nd birth anniversary Dr. C Anji Reddy And BJP Sangareddy district president Godavari Anjireddy was garlanded and paid tribute. They said that Swami Vivekananda is a role model for today's generation and the future generations. The youth should follow in his footsteps and show the greatness of India to the world. Swami Vivekananda said that he was the person who awakened spiritual and nationalism among the youth. Afterwards, the newly elected mandal presidents of Sangareddy district honored the town presidents. District Chief Secretary Manik Rao Rajasekhar Reddy Venkata Narasimha Reddy Pocharam Ramulu Dr. Raju Goud BJP Sangareddy Town President Dwaraka Ravi BJP District Office Secretary Domala Vijayakumar in this program Ellanna Meena Goud Pullangari Surender Ashwant Srikanth Reddy Harshavardhan Reddy Ajay Tulsi Prakash Reddy Sai Reddy Abhinav Anand Chandrasekhar Aditya Satish Prasad and others participated.

## MLA Kaushik Reddy create ruckus at Karimnagar DRC meeting



Karimnagar, Jan.12 (NSS): The district review meeting held at Karimnagar Collectorate on Sunday turned out to be a stormy affair. In the presence of State ministers Ponnam Prabhakar, Sridhar Babu and Uttam Kumar Reddy, there was a heated argument between the MLAs of the congress and the BRS parties.They pushed each other away. The situation calmed down when the police intervened and took BRS party Huzurabad MLA Padi Kaushik Reddy out.Jagtial MLA Sanjay was getting ready to speak at the meeting when Huzurabad MLA Padi Kaushik Reddy intervened. He created a ruckus in the meeting by not allowing Sanjay to speak "From Which party are you," Kaushik Reddy asked Sanjay and demanded that the mic should not be given to MLA Sanjay. Sanjay countered by asking Kaushik as to why he should not be given the mic? In the process, the two leaders got into a heated argument and pushed each other. The leaders present there tried to reconcile. However, when Kaushik Reddy did not back down, the police dragged him out of the meeting hall . The clash took place in front of state ministers Ponnam Prabhakar and D. Sridhar Babu.Kaushik Reddy later spoke to the media. He alleged that the congress leaders were resorting to violence when he demanded funds for his assembly constituency. He said that only 50 per cent of the crop loan waiver was done in his constituency. "I have demanded that the remaining 50 per cent crop loans dues should be waived off," he said. He recalled that during former CM KCR's tenure, 18,500 families were given Dalit bandhu scheme benefits. We have asked for the second installment of Dalit Bandhu," he said. Padi Kaushik Reddy warned the congress leaders that there was no one to be afraid if they threaten him. He made it clear that he would stand by the farmers. He demanded that.15,000 be given to the farmers under the rythu bharosa scheme . He alleged that MLA Sanjay sold himself to the ruling Congress party."The MLA's post of Sanjay was the alms given by our party chief KCR. Sanjay should resign and win on a Congress ticket," he demanded.He made it clear that he would definitely continue to question Sanjay and added that KCR would become the chief minister again after three years.

## Recovered devotees had Srivari darshan

Tirumala, Jan.12 (NSS): TTD has provided darshan to 28 devotees on Sunday who were injured in the stampede incident at Vaikuntha Dwaradarshan SSD ticket counters on January 08 in Tirupati and recovered after undergoing treatment in SVIMS.On January 11, TTD Chairman B R Naidu visited the hospital and paid compensation to the injured and ordered the officials concerned to make arrangements provide special darshan to those who recovered. As per the instructions, TTD provided the protocol darshan to the recovered devotees on Sunday.Speaking on this occasion, these devotees expressed immense pleasure and thanked the state government, TTD board and officials for having taken a complete care of them. They thanked the Chief Minister of Andhra Pradesh Chandrababu Naidu, TTD Chairman and officials for providing compensation and making arrangements of Srivari Vaikuntha Dwara Darshan as well returning to their home turfs.

### PICTALK



The progress High School (Chairman) Mirza Mohd Ali Baig ( Abid Pasha sahab) (Vice Chairman) (Mirza Ahmed Ali Baig sahab) & Dr. Syed Nusrath Fareed Prof (MS) Fareed Imtiyaz sahab Attended Nikah ceremony Mohammed Aleem sahab Daughter at Green Banquet Hall

## सरकार को लाठीचार्ज की बजाय किसानों से बात करनी चाहिए: गुरमीत सैनी



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**गुहला चीका।** लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी जिला महामंत्री और सर्वजन युवा वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुरमीत सैनी ने कहा किभाजपा सरकार एक तरफपूंजीपति मित्रों को देश की संपदा, ज़मीनों पर कब्जा, करोड़ों के व्यापार और लूट के अधिकार दे रही है। दूसरी तरफ किसानों को बर्बरतापूर्वक लाठी और उनकी आवाज को कुचलने एवं अधिकार छीनने का काम कर रही है। अन्नदाता को लहूलुहान करने का निर्देश किसने दिया? अपने हक की मांग को लेकर धरना दे रहे किसानों और महिलाओं पर जिस निर्दयता से लाठीचार्ज किया गया, यह भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीति और सत्ताधारियों की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। अन्नदाता देश की रीढ़ हैं, चाहे हरित क्रांति या श्वेत क्रांति किसानों के दम पर ही देश सक्षम हुआ है। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी और आर्थिक मंदी में भी कृषि क्षेत्र ने ही देश की अर्थव्यवस्था को सहारा दिया है। मुख्यमंत्री नायव सैनी, सरकार को अन्नदाता से अन्याय करने की बजाय उनकी आवाज को सुनकर निर्णय करने चाहिए।

## सूरज हॉस्पिटल में आज लगेगा नि.शुल्क स्वास्थ्य हेल्थ कैम्प




मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**सोहना, मोहित सैनी।** सूरज हॉस्पिटल व मेदांनता हॉस्पिटल के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य हेल्थ कैम्प सूरज हॉस्पिटल वार्ड 19 सोहना में आयोजित किया जायेगा। सूरज हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ गोबिंद सारण ने जानकारी देते हुए बताया की कैंप सोमवार 13 जनवरी समय शुबह 10 बजे से 1 बजे तक रहेगा जिसमे बीएमडी, चेस्ट एक्सरे, बिपि, ब्लड सुगर, एसपीओ2, वजन जाँच, पीआर, जनरल फिजिशियन, चेस्ट फिजिशियन, थाइरोइड, कोलेस्ट्रॉल, ब्लड ग्रुप, पी एफ्टी आदि की जाँच की जाएगी। डॉ गोबिंद सारण ने लोगों से अपील की है की लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुँच कर स्वास्थ्य हेल्थ कैम्प का लाभ उठाए।

## आज छाएगा घना कोहरा, हिसार में 13 एमएम बारिश रिकॉर्ड हुई; दो दिन का ऑरेंज अलर्ट



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**हरियाणा।** हरियाणा में मौसम एक बार फिर से बदल गया है। हरियाणा के कई शहरों में शनिवार को हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। इससे दिन के तापमान में फिर से गिरावट दर्ज की गई। बारिश की वजह से राज्य में दिन के तापमान में पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, मौसम विभाग ने अगले दो दिन घने कोहरे की चेतावनी जारी कर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि हरियाणा में अभी ठंड का प्रकोप जारी रहेगा। 17 जनवरी के बाद राहत की उम्मीद है। हरियाणा में शनिवार सुबह से ही मौसम में बदलाव आ गया था। मौसम विभाग के मुताबिक हिसार में 13 एमएम, नारनौल में 14 एमएम, रोहतक में एक एमएम, भिवानी में दो एमएम, सिरसा में 11 एमएम, जींद में 2.5 एमएम और सोनीपत में एक एमएम बारिश रिकॉर्ड हुई। बारिश के बाद मौसम तो साफ हो गया, मगर तेज हवाओं की वजह से लोगों ने कपकंपी महसूस की। सोनीपत, पानीपत, अंबाला, करनाल, कैथल और कुरुक्षेत्र में घना कोहरा दर्ज किया गया। इन इलाकों में दृश्यता शून्य से 100 मीटर के बीच दर्ज की गई। रविवार को भी कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना दर्ज की गई। राज्य में सबसे ठंडा हिसार दर्ज किया गया। हिसार में अधिकतम तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम न्यूनतम तापमान सोनीपत का 5.9 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।

**जींद में सुबह धुंध से मिली राहगीरों को राहत**

रविवार की सुबह जींद के निवासियों को धुंध से राहत मिली, लेकिन आसमान में बादलों की उपस्थिति से बारिश की संभावना बनी हुई है। शनिवार को हुई हल्की बारिश के बाद से मौसम में ठंडक बढ़ गई है। अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिसके चलते अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी एक-दो दिनों में बादलों की सक्रियता के कारण धुंध से राहत मिलने की संभावना है। हालांकि, रात के समय धुंध और ठंड का असर ज्यादा रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में फिर बदलाव होगा और 12 जनवरी को हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि वर्तमान में मौसम परिवर्तनशील और शुष्क बना हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से अगले कुछ दिनों में मौसम करवट ले सकता है। दिन के तापमान में वृद्धि की संभावना है, जबकि रात के तापमान में गिरावट होगी। ठंड के साथ-साथ धुंध और कोहरा भी बना रहेगा। फिलहाल, ठंड से राहत मिलने के आसार कम ही हैं।

**कुरुक्षेत्र में बूंदाबांदी और शीतलहर का असर जारी**

कुरुक्षेत्र में लगातार दूसरे दिन भी सुबह से ही रुक-रुक कर हल्की बूंदाबांदी हो रही है, जिससे क्षेत्र में ठंड और बढ़ गई है। शीतलहर के कारण लोग घरों में ही रहने को मजबूर हो गए हैं। मौसम विभाग ने दिनभर ऐसे ही मौसम बने रहने की संभावना जताई है।

**भिवानी में छाए बादल, ठंडी हवा लगातार जारी**

भिवानी में रविवार सुबह आसमान में बादल छाए हुए हैं। बादलों की वजह से अंधेरा छाया हुआ है। इसी के साथ तेज हवा लगातार जारी है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 15.0 और न्यूनतम तापमान 9.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम को देखते हुए किसी भी समय बारिश हो सकती है। धूप निकलने की संभावना फिलहाल नहीं है।

**बारिश व बदलवाई से बढ़ा तापमान**

महेंद्रगढ़ क्षेत्र में हुई बदलवाई व बूंदाबांदी से न्यूनतम व अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि हुई है। रविवार सुबह दिन की शुरुआत बदलवई के साथ हुई। अधिकतम तापमान 17 डिग्री व न्यूनतम 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान में 4.3 व अधिकतम में एक डिग्री की वृद्धि हुई है। शनिवार देर शाम तक हुई 8 एमएम बारिश सरसों व गेहूं की फसलों के लिए वरदान साबित होगी। सुबह के समय हल्की धुंध रही लेकिन बदलवाई के चलते इसका प्रभाव नहीं रहा। आज भी हल्की बारिश की संभावना जताई जा रही है। शनिवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री व न्यूनतम तापमान 3 डिग्री दर्ज किया गया था। कृषि विशेषज्ञ भी इस बारिश को जिले में 2.36 लाख एकड़ में खड़ी सरसों व 75 हजार एकड़ में खड़ी गेहूं की फसलों के लिए लाभदायक मान रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि इस बारिश से फसलों में फुटाव व बढ़वार में तेजी आएगी।

# बागवानी योजनाओं का लाभ उठाएं किसान:उपायुक्त

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**नूंह, अभयसिंह सैनी।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने व उन्हें पारंपरिक खेती से बागवानी की लाभकारी फसलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न फसलों पर विशेष अनुदान दिया जा रहा है। इसी क्रम में किसानों को मशरूम प्रोडक्शन व कंपोस्ट यूनिट लगाने पर 40 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है। इसके साथ -साथ नेट हॉउस व पोली हाउस लगाने के लिए सामान्य जाति के किसानों को 50 प्रतिशत और एससी वर्ग के किसानों को 85 प्रतिशत अनुदान राशि दी जाती है। किसान 4 हजार स्क्वेयर मीटर तक का पोली हाउस/ नेट हाउस लगा सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि मशरूम के गुणकारी लाभों के चलते बाजार में इसकी मांग में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। किसानों में इसकी खेती की सही जानकारी के अभाव में यह बाजार में अधिक मात्रा में उपलब्ध नही होता। जबकि बाजार में इसकी मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला के किसान फसल विविधिकरण के तहत इसकी खेती को अपनाकर बाजार से अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। जिला बागवानी अधिकारी डॉ दीन मोहम्मद ने किसानों को दी जाने वाली अनुदान राशि की जानकारी देते हुए बताया कि उद्यान विभाग द्वारा विभागीय स्कीम के तहत जिला में एक मशरूम कंपोस्ट व एक मशरूम प्रोडक्शन यूनिट लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों यूनिट की अधिकतम यूनिट कोस्ट 20 लाख निर्धारित की गई है। जिसमें 40 प्रतिशत राशि अनुदान स्वरूप दी जाएगी। डॉ दीन मोहम्मद ने बताया कि 20 एचपी तक कि क्षमता के एक ट्रैक्टर पर 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। वहीं जिला में पैक हाउस व प्याज भंडारण कक्ष के लिए 50 प्रतिशत तक व पावर टिलर एवं बिडर पर 40 से 50 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि अनुदान योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसान पहले आओ पहले पाओ के आधार पर पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अनुदान राशि विभागीय गाइडलाइंस अनुसार ही दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक किसान किसी भी कार्य दिवस पर जिला उद्यान अधिकारी एवं उद्यान विकास अधिकारी कार्यालय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका पत्रकारिता के माध्यम से निभाई थी बाबूराव विष्णु पराडक़र ने: संदीप जौहरी

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**गुडग़ांव।** हिन्दी के जाने-माने पत्रकार, साहित्यकार एवं हिन्दीसेवी बाबूराव विष्णु पराडक़र की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए शिक्षाविद् संदीप जौहरी ने कहा कि उन्होंने साहित्य के साथ-साथ भारत की आजादी के आंदोलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका पत्रकारिता के माध्यम से निभाई थी। उनके युग में पत्रकारिता एक मिशन हुआ करता था। उन्हें सदैव आर्थिक परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। उनका जन्म वाराणसी में 16 नवम्बर 1883 को हुआ था। संस्कृत की प्रारंभिक शिक्षा के बाद भागलपुर से उन्होंने मेट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उन्होंने बंगाल नेशनल कॉलेज में हिंदी और मराठी अध्यापक के रुप में कार्य भी किया। देश के युवाओं को आजादी के प्रति जागरुक करने के लिए उन्हें राजद्रोह के संदेह में गिरफ्तार किया गया और 3 वर्ष के लिए नजरबंद भी कर दिया गया था। उन्हें साहित्य वाचस्पति की उपाधि से भी विभूषित किया गया था। जौहरी ने कहा कि उनकी लिखने की विशिष्ट शैली थी। उन्होंने कई पत्र-पत्रिकाओं का संपादन भी किया था। राष्ट्रीय दूरदर्शन ने उन पर वृत्तचित्र का निर्माण भी किया था। उनका निधन वाराणसी में 12 जनवरी 1955 को हो गया था। भारत सरकार ने उन पर डाक टिकट भी जारी किया था।

## मथुरा के प्यारेलाल शर्मा का भी आजादी की लड़ाई में रहा महत्वपूर्ण योगदान

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**गुडग़ांव।** आजादी की लड़ाई में असंख्य क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता सेनानियों व देश के वीर युवाओं ने अपने प्राणों का बलिदान दे दिया था। ब्रिटिश शासन का देशवासियों ने जमकर सामना किया और देश को आजादी दिलाई। उत्तरप्रदेश के मथुरा जिले में 13 सितम्बर 1873 को जन्मे प्यारे लाल शर्मा ने आजादी के लिए अहम योगदान दिया और उन्हें सत्याग्रह करने के कारण जेल की सज़ा हुई थी। वक्ताओं ने उनकी पुण्यतिथि पर याद करते हुए कहा कि प्यारे लाल शर्मा ने उर्दू, फ़ारसी और संस्कृत भाषाओं के ज्ञान के साथ अंग्रेज़ी में एमए की परीक्षा पास की और कानून की डिग्री भी ली। उनका झुकाव क्रांतिकारी गतिविधियों की ओर था, किंतु गांधी जी के दक्षिण अफ्रीका से भारत आने के बाद वह सदा के लिए कांग्रेस में सम्मिलित हो गए। असहयोग आंदोलन के समय उन्होंने अपनी खूब चलती वकालत छोड़ दी और 1922 में सत्याग्रह करके जेल चले गए। 1924 से 1928 तक वह स्वराज्य पार्टी की ओर से निर्वाचित केंद्रीय असेम्बली के सदस्य रहे। 1932 की दिल्ली कांग्रेस की स्वागत समिति के वही अध्यक्ष थे। 1937 में गोविंद वल्लभ पंत के नेतृत्व में जो पहली कांग्रेस सरकार बनी, उसमें उन्हें शिक्षा मंत्री का पद दिया गया था। वर्ष 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में उन्हें मेरठ में गिरफ्तार किया गया और गंम्भीर रूप से बीमार पड़ जाने के कारण उन्हें रिहा कर दिया। 12 जनवरी 1941 को दिल्ली के एक अस्पताल में उनका देहांत हो गया।

## नूंह में 8 मार्च को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत: सीजेएम

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**नूंह, अभयसिंह सैनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार 8 मार्च को नूंह स्थित न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केस का निपटारा करा सकते हैं। सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण नेहा गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करा सकता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते हैं।

### कैसे स्वच्छ होगी धर्मनगरी जब जिम्मेदारों का आंगन ही मैला

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी को स्वच्छ बनाए जाने के दावे नगर व जिला प्रशासन की ओर अनेक वर्षों से किए जा रहे हैं तो अब मुख्यमंत्री के खास निर्देशन व अभियान शुरू करने के बाद फिर प्रयास तेज कर दिए गए हैं। अधिकारी देश के स्वच्छ शहरों में धर्मनगरी को शामिल करने के प्रयास के बीच सड़कों पर उतरे हुए हैं लेकिन आज भी जिम्मेदारों का आंगन ही मैला पड़ा है। नगर परिषद कार्यालय परिसर में ही स्थित शौचालय लंबे समय से बदहाल है। यहां तक कि शौचालय से यूरिन पोट तक गायब है जबकि आसपास के सैकड़ों दुकानदार व यहां आने वाले लोगों के लिए यह उपयोगी है लेकिन जिम्मेदारों द्वारा संभाल न लिए जाने के चलते परेशानी झेलनी पड़ती है। 12 लाख से बने शौचालयों पर लटका तालाः नगर प्रशासन की ओर से वर्ष 2016 में करीब 12 लाख रुपये खर्च कर ई-शौचालय बनाए गए थे लेकिन वर्तमान में इन पर ताला लटका हुआ है जबकि यह मुख्य बाजार का सबसे व्यस्ततम एरिया है। सैकड़ों दुकानदार ही नहीं हजारों लोग हर रोज यहां पहुंचते हैं।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर सूर्य नमस्कार अभियान का किया गया शुभारंभ



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**नूंह, अभयसिंह सैनी।** आयु विभाग हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ यशवीर गहलावत के मार्गदर्शन में शहीद हसन खां मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नलहर और छपेडा कि व्यायामशाला पर नीरज रानी व राजेश कुमार आयुष योग सहायक द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती पर सूर्य नमस्कार अभियान 2025 का शुभारंभ किया गया। नीरज रानी आयुष योग सहायक द्वारा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नलहर में सूर्य नमस्कार कराया और इसके लाभों के बारे में बताया और राजेश कुमार योग सहायक द्वारा छपेरा स्थित व्यायाम शाला सूर्य नमस्कार अभियान का शुभारंभ किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा यशवीर सिंह गहलावत द्वारा बताया गया कि यह सूर्य नमस्कार अभियान महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती 12 फरवरी 2025 तक चलेगा।इस अभियान के तहत आयु विभाग में कार्यरत योग विशेषज्ञ, योग सहायकों व योग प्रशिक्षुक द्वारा अलग-अलग स्थान पर सूर्य नमस्कार कराया जाएगा और इसके लाभों के बारे में बताया जाएगा। सूर्य नमस्कार का ऑनलाइन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए लिंक पर पंजीकरण कर सकते हैं।

# प्रजापति समाज समिति ने बैठक कर भाजपा से की मांग

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**गुडग़ांव।** पटौदी चौक स्थित महाराजा दक्ष प्रजापति चौपाल में रविवार को प्रजापति समाज समिति की बैठक का आयोजन समिति के प्रधान सुरेश कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें प्रजापति समाज, समिति के पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। यह बैठक नगर निगम के होने जा रहे मेयर के चुनाव में समाज को प्रतिनिधित्व देने पर विचार करने के लिए बुलाई गई थी। समाज के वरिष्ठ सदस्य व पूर्व पार्षद धर्मवीर बाघोरिया ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अब तक प्रजापति समाज को दक्षिण हरियाणा में राजनीति में कोई भी प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है। जबकि यहां पर प्रजापति समाज बड़ी संख्या में है। समाज के बहुत से कार्यकर्ता पिछले कई वर्षों से भाजपा के सच्चे सिपाही के रुप में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम की मेयर की सीट सरकार ने पिछड़ा वर्ग ए की महिला के लिए आरक्षित की है। भाजपा को प्रजापति समाज की सुयोग्य महिला को टिकट देनी चाहिए। पिछड़ा वर्ग सैल के उपाध्यक्ष श्याम सुंदर कारठावाल ने कहा कि भाजपा प्रजापति समाज की जिस भी महिला को टिकट देगी, पूरा समाज तन-मन-धन से उसको सहयोग करेगा और समाज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के सदैव आभारी रहेंगे। पूर्व पार्षद चमेली देवी के पुत्र गंगास्वरुप टोनी ने भी भाजपा से मांग की है कि समाज की महिला को ही नगर निगम की मेयर पद का उम्मीदवार बनाया जाए। समाज में भाजपा से जुड़ी कई शिक्षित महिलाएं भी हैं। समाज के युवा नेता प्रवेश बाघोरिया ने कहा कि समाज का युवा वर्ग समाज की मेयर उम्मीदवार का पूरा समर्थन करेगा और उन्हें जिताकर भी लाएगा। बैठक में समाज के धर्मपाल, महावीर परमार, यशपाल प्रजापति, सतीश मांचीवाल, रामगोपाल वर्मा, नानकचंद, किरण पाल, महेंद्र सिंह, भगवती, राजबाला वर्मा, बिंदू दक्ष, शिवांगी, एनए रामोता आदि ने भी बैठक को संबोधित करते हुए मेयर की टिकट प्रजापति समाज की महिला को देने की बात भाजपा से की है। बैठक में समाज के सुभाष चंद, राजकुमार, धर्म सिंह, विशंभर दयाल, अंतराज, राजेंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार, रिंकू, मनीष कुमार, राज कुमार, खुशीराम सहित युवा, महिला, पुरुष आदि शामिल रहे।

## खेल प्रेमियों ने किया साईं बाबा के विशाल भण्डारे का आयोजन

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**गुडग़ांव।** नेहरु स्टेडियम परिसर में रविवार को साईं बाबा के वार्षिक भण्डारे का आयोजन खेलप्रेमियों ने किया। जिसमें बड़ी संख्या में खेल जगत से जुड़े दिग्गज व खिलाड़ी तथा गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए और सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे की आयोजन समिति के खेल प्रेमी आरएस चौहान, कपिल कौशिक, शैलेष गुप्ता आदि का कहना है कि प्रतिवर्ष खेलप्रेमी भण्डारे का आयोजन करते हैं, जिसका उद्देश्य है कि जहां आपस में भ्रातृत्व की भावना को बढ़ावा मिले, वहीं खेलप्रेमी खेलों को खेल की भावना से खेलें। उन्होंने युवा खिलाडियों से भी आग्रह किया कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों पर भी ध्यान दें और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश-विदेश में गुरुग्राम का नाम रोशन करें। अपराह्न तक भण्डारा चलता रहा। इस आयोजन में खेल प्रेमियों का बड़ा सहयोग रहा।

## टेलर की दुकान में आग लगने से जला कोट-पैंट और सेरवानी, जायजा लेने पहुंचे मंत्री विज

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला छावनी के सदर बाजार स्थित निजाम टेलर की दुकान में रविवार अलसुबह 4 बजे आग लग गई। सुबह के समय राहगीरों ने जब दुकान से धुंआ निकलते देखा तो मालिक को सूचित किया। शटर के ताले तोड़कर दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। तब तक दुकान में रखे लाखों रुपये के कपड़े, कोट, शेरवानी, एसी, सोफे सहित अन्य सामान जल गया था। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट सामने आया है। सूचना पाकर कैबिनेट मंत्री अनिल विज भी मौके पर पहुंचे और जायजा लिया। दुकान मालिक सहारनपुर निवासी राहत ने बताया कि दुकान में करीब 20 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। दुकान में रखे कपड़े के अलावा ग्राहकों के तैयार कोट, शेरवानी आदि जल गई है। शनिवार को वह रोजाना की तरह रात को दुकान बंद कर गया था। सुबह दुकान के बाहर ही अखबार की दुकान लगती है। जिन्होंने दुकान से धुंआ निकलने की सूचना दी थी। गनीमत यह रही कि आग साथ वाली सर्राफा दुकान तक नहीं फैली।

## युवा गणितज्ञ बद्रीनाथ प्रसाद के जीवन से लें प्रेरणा: प्रो. सपरा

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**गुडग़ांव।** देश के प्रसिद्ध गणितज्ञ बद्रीनाथ प्रसाद को उनकी जयंती पर याद करते हुए शिक्षाविद् प्रो. सुभाष सपरा ने कहा कि गणितज्ञ बद्रीनाथ प्रसाद का जन्म 12 जनवरी 1899 को उत्तरप्रदेश के आजमगढ़ जिले में हुआ था। शिक्षा के प्रति उनकी रुचि बाल्यकाल से ही थी। पटना और वाराणसी के विश्वविद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करने के बाद उच्च शिक्षा के लिए वह विदेश गए और लिवरपूल विश्वविद्यालय से गणित में पीएचडी और पेरिस विश्वविद्यालय से डीएससी की उपाधियाँ प्राप्त की थी। प्रो. सपरा ने कहा कि विदेश से वापिस आने पर वह कुछ समय तक काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में अध्यापन कार्य करने के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय चले गए और वहां गणित विभाग के अध्यक्ष पद पर रहे। इंडियन मैथमैटिकल सोसाइटी और विज्ञान परिषद के अध्यक्ष थे। 1965 में आपने भारतीय विज्ञान कांग्रेस की अध्यक्षता की। गणित के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए वर्ष 1963 में भारत सरकार ने उन्हें पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित किया। 1964 में राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित हुए। 18 जनवरी 1966 को हृदय की गति रूक जाने से उनका निधन हो गया था। प्रो. सपरा ने शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं से आग्रह किया कि वे गणितज्ञ बद्रीनाथ प्रसाद के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें।

## जयराम आश्रम कुंभ शिविर में हुआ श्री हनुमंत ध्वजारोहण



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**कुरुक्षेत्र।** श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी एवं अनेक संत महापुरुषों के सान्निध्य में प्रयागराज महाकुंभ के लिए शनिवार को श्री जयराम आश्रम कुंभ शिविर में विधिवत मंत्रोच्चार के साथ श्री हनुमंत ध्वजारोहण हुआ। श्री जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने बताया कि यह श्री जयराम संस्थाओं की गुरु परंपरा है कि वीर हनुमान का आह्वान कर ही शुभ एवं धार्मिक कार्यों का शुभारंभ होता है। उन्होंने कहा कि परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से भगवान श्री राम भक्त वीर हनुमान का आह्वान करने से सभी कार्य निर्विघ्न संपन्न होते हैं। भगवान श्री राम की कृपा से वीर हनुमान साक्षी बनते हैं। सिंगला ने बताया कि आचार्य पं. माया राम ने महामंडलेश्वर स्वामी हरि चेतना नंद एवं ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की मौजूदगी में श्री हनुमत पूजन एवं ध्वजारोहण संपन्न करवाया। इस मौके पर श्रद्धालुओं एवं ब्रह्मचारियों ने श्री हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। सिंगला ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ 2025 के स्नान के लिए कुरुक्षेत्र से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु रवाना हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुंभ 2025 के लिए प्रयागराज में श्री जयराम संस्थाओं की ओर से विशाल नगर बसाया जा रहा है जिसमें श्रद्धालुओं के लिए हर सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इस मेले में दुनिया से लाखों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं।

# मनोहर लाल बोले–एक्सीडेंटल पीएम थे नेहरू, हुड्डा ने कहा– मनोहर खुद एक्सीडेंटल मुख्यमंत्री

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**रोहतक।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि पंडित जवाहर लाल नेहरू एक्सीडेंटल प्रधानमंत्री थे। डॉक्टर भीमराव आंबेडकर या सरदार बल्लभ भाई पटेल को प्रधानमंत्री बनाना चाहिए था। मनोहर लाल रविवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में संविधान गौरव व राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। जवाब में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से पलटवार करते हुए कहा कि खुद मनोहर लाल एक्सीडेंटल मुख्यमंत्री रहे। बताने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है। लोगों का ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की बयानबाजी की जा रही है। मनोहर लाल ने कहा कि देश के आर्थिक विकास में भी डॉक्टर आंबेडकर की अहम भूमिका रही, वे देश के अग्रणी नेताओं में शामिल रहे। मैं तो यहां तक कहता हूं, जवाहर लाल नेहरू बीकेम द प्राइम मिनिस्टर बाई एक्सीडेंट, अगर उनकी जगह सरदार बल्लभ भाई पटेल या डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को आगे लाया जा सकता था। हालांकि यह उस समय का निर्णय था। किसी न किसी को तो बनना था। उधर, डी पार्क स्थित आवास पर जब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि कांग्रेस ने डॉक्टर आंबेडकर का कांग्रेस ने पूरा सम्मान किया। वे संविधान निर्माण सभा के चेयरमैन थे। उनकी संविधान बनाने में अहम भूमिका रही। उन्होंने कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन का कोई मतलब नहीं है। कांग्रेस ने केवल संविधान में संशोधन किए थे, जबकि भाजपा संविधान को ही खत्म करना चाहती है। कांग्रेस ऐसा होने नहीं देगी।

मनोहर लाल के पास बताने के लिए कोई उपलब्धि नहीं

हुड्डा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल 9 साल के करीब प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे, लेकिन आज उनके पास बताने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है। इसलिए कांग्रेस की आलोचना करते रहते हैं। ईवीएम को लेकर हुड्डा ने कहा कि चुनाव आयोग की स्थिति कैसे है, सबको पता है। मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। एक सवाल के जवाब में हुड्डा ने कहा कि महागठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए हुआ था।

दिल्ली में भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं

दिल्ली में भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है। इसलिए बंगले को मुद्दा बनाया जा रहा है, जो सरकारी है। कांग्रेस दिल्ली चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेगी। प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है। जबकि कानून व्यवस्था सही नहीं होगी, तब तक विकास नहीं होगा। पंजाब से ज्यादा मौत नशे के कारण हरियाणा में हो रही है। इस मौके पर रोहतक शहर से विधायक भारत भूषण बतरा व पूर्व सांसद शादीलाल बतरा भी मौजूद रहे।

फसलों के नुकसान की गिरदावरी करवाकर मुआवजा दे सरकार

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि बेमौसमी बारिश से गेहूं, सरसों और सब्जियों की खड़ी फसल को भारी नुकसान हुआ है। कुछ इलाकों में जलभराव की स्थिति भी देखी गई है। सरकार को जल्द इसका संज्ञान लेकर स्पेशल गिरदावरी करवा के मुआवजा देना चाहिए। उनसे कई गांवों के लोग आकर मिले हैं। आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता दल्लेवाल की हालत बेहद चिंताजनक बनी हुई है। लेकिन बीजेपी उनका संज्ञान तक लेने को तैयार नहीं है और न ही आंदोलनकारियों से बातचीत कर रही है। जबकि उसे बिना एक भी पल गवाए जल्द से जल्द किसानों की मांगों का समाधान करते हुए दल्लेवाल का अनशन खत्म करवाना चाहिए।

# मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए काफी लाभदायक - विश्राम कुमार मीणा

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**नूंह, अभयसिंह सैनी।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक चिंताओं को कम करना है। उन्होंने सभी पात्र परिवारों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और अपनी बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और खुशहाल बनाएं। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना के तहत लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान की जाती है, जिसमें अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति, टपरीवास जाति के लाभार्थियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 71,000 रुपए अनुदान राशि प्रदान की जाती है और पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के व्यक्तियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 41,000 रुपए अनुदान राशि दी जाती है। उन्होंने कहा सभी वर्गों की विधवा, अनाथ, तलाकशुदा, बेसहारा महिलाओं और उनके बच्चों की बेटियों की शादी के लिए 51,000 रुपए अनुदान राशि प्रदान की जाती है। खिलाड़ी महिलाओं (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की शादी के लिए भी 41,000 रुपए की सहायता राशि दी जाती है। इसके साथ-साथ इस योजना के तहत यदि विवाह में दोनों वर-वधू दिव्यांग हैं, तो उन्हें 51,000 रुपए अनुदान राशि दी जाएगी। अगर केवल एक वर या वधू दिव्यांग है, तो 41,000 रुपए की अनुदान राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक को अपनी बेटी के विवाह के बाद 6 माह के भीतर विवाह पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाया गया है। आवेदक पोर्टल पर जाकर विवाह पंजीकरण और मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के लिए आवेदन कर सकते है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

# पीएम मोदी का लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात सभी 1504 बूथों पर सुना जाएगा : कमल यादव

- मन की बात प्रेरणादायक एवं नवविचारों वाला लोकप्रिय कार्यक्रम : कमल यादव
- प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम 19 जनवरी को होगा प्रसारित : कमल यादव



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने रविवार को पार्टी कार्यालय गुरुकमल में प्रधानमंत्री मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को लेकर आई टी, सोशल मीडिया व मन की बात के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में कमल यादव ने आगामी 19 जनवरी को होने वाले मन की बात कार्यक्रम को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। गुरुग्राम जिला के सभी 1504 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना जाए इसकी रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में मन की बात कार्यक्रम के लोकसभा संयोजक हरविंद कोहली, जिला महामंत्री रामबीर भाटी, जिला सचिव एवं मन की बात जिला संयोजक निधि कोटिया, आईटी प्रमुख सुमित वोहरा, जिला मीडिया प्रमुख पवन यादव, जिला प्रवक्ता प्रदीप सैनी और सभी विधानसभाओं के संयोजक, मोर्चा अध्यक्ष मंडल के संयोजक और उनकी टीम उपस्थित रही। जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि इस बार प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम 19 जनवरी को सुना जाएगा। उन्होंने कहा कि मन की बात समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी वाला एक प्रेरणादायक एवं नवविचारों वाला लोकप्रिय कार्यक्रम है। कमल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के इस चर्चित कार्यक्रम को सुनने के लिए करोड़ों लोग उत्सुक रहते हैं।जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि दिसंबर में संगठन पर्व के दौरान वर्ष के आखिरी रविवार के मन की बात कार्यक्रम में हरियाणा में गुरुग्राम जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि के लिए चारों विधानसभाओं के संयोजकों और उनकी टीम बधाई की पात्र हैं। जिला अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों से आग्रह करते हुए कहा कि इस बार 19 जनवरी को होने वाला कार्यक्रम जिला के सभी बूथों पर अधिक से अधिक लोगों के साथ सुना जाए और तुरंत सरल पोर्टल पर अपलोड़ भी किया जाए।

# जीजाबाई को उनकी पुण्यतिथि पर किया याद

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडगांव।** छत्रपति शिवाजी की मां जीजाबाई की जयंती पर वक्ताओं ने उन्हें याद करते हुए कहा कि शाहजी भौंसले द्वारा उपेक्षित कर दिए जाने पर जीजाबाई अपने पुत्र शिवाजी की संरक्षिका बनी थी। शिवाजी के चरित्र, महत्वाकांक्षाओं तथा आदर्शों के निर्माण में उनका सबसे अधिक योगदान रहा। शिवाजी के जीवन की दिशा-निर्धारित करने में उनकी माता जीजाबाई का सबसे अधिक प्रभाव था। जीजाबाई का जन्म 12 जनवरी 1598 को महाराष्ट्र के विदर्भ प्रांत के गांव सिंदखेड़ में हुआ। उनके पिता का नाम लखुजी जाधव तथा माता का नाम महालसाबाई था। वक्ताओं ने कहा कि जीजाबाई का विवाह अल्पायु में ही शाहजी के साथ हो गया था। उन्होंने सदैव अपने पति का राजनीतिक कार्यो मे साथ दिया। शाहजी ने तत्कालीन निजामशाही सल्तनत पर मराठा राज्य की स्थापना की कोशिश की थी, लेकिन वे मुगलों और आदिलशाही के संयुक्त बलों से हार गए थे। संधि के अनुसार उनको दक्षिण जाने के लिए मजबूर किया गया था। उस समय शिवाजी की आयु 14 साल थी और मां के साथ ही रहते थे तथा उनके बड़े बेटे संभाजी अपने पिता के साथ गए। संभाजी तथा उनके पति शाहजी अफ्जल खान के साथ एक लड़ाई में मारे गए। कहा जाता है कि शाहजी की मृत्यु होने पर जीजाबाई ने सती होने का प्रयास किया था, लेकिन शिवाजी ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया था। जीजाबाई छत्रपति शिवाजी की माता होने के साथ-साथ उनकी मित्र, मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत भी थीं। उनका सारा जीवन साहस और त्याग से भरा हुआ था। उन्होने जीवन भर कठिनाइयों और विपरीत परिस्थितियों को झेलते हुए भी धैर्य नहीं खोया और अपने पुत्र शिवा को वे संस्कार दिए, जिनके कारण वह आगे चलकर हिंदू समाज का संरक्षक छत्रपति शिवाजी महाराज के रुप में प्रसिद्ध हुए। शिवाजी महाराज के चरित्र पर माता-पिता का बहुत प्रभाव पड़ा था। बचपन से ही वे उस युग के वातावरण और घटनाओं को भली प्रकार समझने लगे थे। शिवाजी ने तत्कालीन मुगल सम्राट व उनकी सेनाओं को दांतों तले चने चबा दिए थे। उनका निधन 17 जून 1674 को हुआ था। वक्ताओं ने कहा कि अभिभावकों को जीजाबाई के आदर्शों पर चलकर अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# धर्म या जाति के आधार पर मनुष्य-मनुष्य में न रहे कोई भेद, यही थी स्वामी विवेकानंद की सोचः डा. संदीप कटारिया

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडगांव।** स्वामी विवेकानंद की जयंती को शुक्रवार को शहर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाया गया। स्वामी विवेकानंद को युवाओं का प्रेरणास्त्रोत माना जाता है। 39 वर्ष की अल्पायु में स्वामी विवेकानंद जो काम कर गए, वे आने वाली अनेक शताब्दियों तक पीढि़यों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। युवाओं को स्वामी विवेकानंद द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने की जरुरत है, तभी देश व समाज उन्नति कर सकेगा। ये उद्गार क्राईम रिफार्मर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. संदीप कटारिया ने स्वामी विवेकानंद को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि उनका जन्म 12 जनवरी 1863 को पश्चिम बंगाल के कलकत्ता में हुआ था। वर्ष 1893 में अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म महासभा में उन्हें सभा को संबोधित करने के लिए 2 मिनट का समय दिया गया था। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत मेरे अमेरिकी बहनों एवं भाइयों के संबोधन के साथ की थी। उनके इस प्रथम वाक्य ने ही सबका दिल जीत लिया था। कलकत्ता के एक कुलीन बंगाली कायस्थ परिवार में उनका जन्म हुआ था। अपने आद्यात्मिक गुरु रामकृष्ण की मृत्यु के बाद विवेकानंद ने भारतीय उपमहाद्वीप का दौरा किया और ब्रिटिश भारत में मौजूदा स्थितियों का प्रत्यक्ष ज्ञान हासिल किया। डा. कटारिया ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने संयुक्त राज्य अमेरिका, इंग्लैंड और यूरोप में हिंदू दर्शन के सिद्धान्तों का प्रचार-प्रसार किया। भारत में विवेकानन्द को एक देशभक्त सन्यासी के रूप में माना जाता है और उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद महिलाओं का बड़ा सम्मान करते थे। उनका मानना था कि सच्चा पुरुष वही होता है, जो हर परिस्थिति में नारी का सम्मान करे। उनकी दर्शन, धर्म, इतिहास, सामाजिक विज्ञान, कला और साहित्य के विषयों पर अच्छी पकड़ थी। साथ ही उन्होंने वेद-उपनिषद, भगवत गीता, रामायण, महाभारत और पुराणों के अलावा अनेक हिंदू शास्त्रों का अध्ययन भी किया था। विवेकानंद बड़े स्वप्रदृष्टा थे। उन्होंने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जिसमें धर्म या जाति के आधार पर मनुष्य-मनुष्य में कोई भेद न रहे। 4 जुलाई 1902 को उनका निधन हो गया था।

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा माह 2025 में नुक्कड़ नाटक का आयोजन कराकर सड़क सुरक्षा का पढ़ाया पाठ।

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** पुलिस उपायुक्त यातायात श्री विरेंद्र विज आईपीएस की देखरेख में सड़क सुरक्षा माह के तहत सेक्टर-31 मेन मार्किट गुरुग्राम में एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य सड़क पर सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने और लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना था। यह कार्यक्रम ट्रैफिक पुलिस गुरुग्राम, गुरुग्राम पुलिस और हरियाणा सरकार की पहल पर राहगीरी फाउंडेशन, रोड सेफ्टी ऑफिसर्स, नगारो और हीरो मोटोकॉर्प के सहयोग से आयोजित किया गया। नुक्कड़ नाटक में ट्रैफिक लाइट का पालन, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग, अनावश्यक हॉर्न बजाने से बचना, पैदल यात्रियों को रास्ता देना और सड़कों पर धैर्य और शिष्टाचार बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण संदेशों को प्रमुखता से पेश किया गया। इस प्रस्तुति का नेतृत्व राहुल खन्ना और उनकी टीम ने किया, जिन्होंने हास्य, नाटक और रोज़मर्रा की स्थितियों के माध्यम से लोगों तक महत्वपूर्ण संदेश पहुँचाए। यह नाटक बाजार में खरीदारी करने आए लोगों, दुकानदारों और राहगीरों का ध्यान आकर्षित करने में सफल रहा। इस



नाटक में एक और महत्वपूर्ण संदेश दिया गया कि सड़क दुर्घटना के दौरान पीड़ित की मदद करना हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने एक विशेष संकल्प भी लिया, जिसमें उन्होंने वादा किया कि यदि वे कभी किसी दुर्घटना का साक्षी बनते हैं, तो वे तुरन्त पीड़ित की मदद करेंगे। यह प्रतिज्ञा सड़कों पर जिम्मेदारी और सहयोग की भावना बनाए रखने का प्रतीक है। इस नुक्कड़ नाटक में 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया और दर्शकों से काफी सराहना मिली। यह आयोजन इस बात का एक महत्वपूर्ण उदाहरण था कि जागरूकता और सामूहिक प्रयासों से सड़क सुरक्षा को व्यवहार में लाया जा सकता है। सड़क सुरक्षा माह पहल यह दर्शाती है कि सभी के सहयोग से सड़कों को सुरक्षित बनाया जा सकता है। आज का नुक्कड़ नाटक यह याद दिलाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है कि सड़क सुरक्षा केवल एक नीति नहीं है, बल्कि एक अभ्यास है जिसे हर किसी को अपनाना चाहिए।

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा माह 2025 के तहत यातायात पुलिस गुरुग्राम ने लगाई 150 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप,लोगों को किया यातायात नियमों के प्रति जागरूक।

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** पुलिस उपायुक्त यातायात श्री विरेंद्र विज आईपीएस के निर्देशन में कार्य करते हुए सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पूर्व श्रीमती सुरेन्द्र कौर एच पी एस की देखरेख में आमजन की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा जीवन रक्षामहीने कार्यक्रम के अनुसार यातायात निरीक्षक धर्मवीर सिंह, निरक्षक अवतार सिंह, निरक्षक सत्यवीर सिंह, निरक्षक रामकिशन,यातायात पुलिस कर्मचारी, आर एस ओ जगदीश बवेजा आदि की सहायता से हीरो होंडा चौक, जयसिंह चौक, सैक्टर 37 ज् प्वाइंट, एआईटी चौक आदि जगहों पर150 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टिव लगाए गए। यातायात पुलिस गुरुग्राम का मकसद वर्ष 2023,2024 के मुकाबले इस वर्ष 2025 में लोगों को अधिक से अधिक यातायात नियमों के प्रति जागरूक करके सड़कों पर होने वाले दुर्घटनाओं/हादसों में कमी लाना है। यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा आज हीरो होंडा चौक, जयसिंह चौक, सेक्टर 37 टी प्वाइंट , एआईटी चौक आदि जगहों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के साथ-साथ वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी और सड़कों पर सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने बारे भी प्रेरित किया। सर्दी के इस मौसम में धुंध/कोहरा हो जाता है जिससे कई बार वाहन चालकों को अपने आगे चल रहे दूसरे वाहन दिखाई नहीं देते और सड़क हादसे भी हो जाते हैं। धुंध/कोहरे में वाहन चालकों को उचित दूरी बनाकर व नियंत्रित गति के साथ अपना वाहन चलाना जरूरी है,सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, मुख्य सड़कों पर अपने वाहन को खड़ा न करें, वाहन के अंदर ऊंची ध्वनि में गाने न चलाए, मोबाइल फोन का प्रयोग ना करें आदि नियमों बारे भी वाहन चालकों को जागरूक किया गया। किसी भी मदद के लिए गुरुग्राम पुलिस हेल्पलाइन नंबर 1095 और डायल 112 के बारे में भी बतलाया गया। यातायात पुलिस सदैव आपकी सेवा और सुरक्षा में तत्पर है।



# वनवासी कल्याण आश्रम ने लोहड़ी एवं मकर संक्रांति परिवार मिलन समारोह का किया आयोजन

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडगांव।** सामाजिक संस्था हरियाणा वनवासी कल्याण आश्रम की गुरुग्राम इकाई द्वारा सैक्टर 7 स्थित आर्य समाज मंदिर परिसर में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों और समाज के विभिन्न वर्गों ने भाग लिया। संस्था के प्रांत प्रचार सचिव संजीव आहूजा ने बताया कि कार्यक्रम में आश्रम के संरक्षक प्रीतम मुंजाल, विनोद उप्पल, डॉ. परमेश्वर अरोड़ा, जगदीश ग्रोवर, जगदीश कुकरेजा, विधु कालरा, धर्मेंद्र बजाज मुख्य रुप से शामिल हुए। जगदीश कुकरेजा ने समाज के विकास के लिए वनवासी कल्याण आश्रम के योगदान तथा एकजुट होकर समाज सेवा में योगदान देने का आह्वान किया। डॉ. परमेश्वर अरोड़ा ने विवेकानंद जयंती की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि युवाओं को विवेकानंद की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर समाज सेवा के कार्यों में आगे आना चाहिए। विवेकानंद के आदर्शों पर चलकर ही हम एक सशक्त और संगठित समाज का निर्माण कर सकते हैं। विनोद उपाध्याय व जगदीश ग्रोवर ने भारतीय पर्वों के सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। उनका कहना है कि यह आयोजन न केवल एक सांस्कृतिक उत्सव के रूप में याद रखा जाएगा, बल्कि सामाजिक एकता, विवेकानंद के आदर्शों और देशभक्ति के संदेश को भी जन-जन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम साबित हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रश्नोत्तरी व खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विजेताओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में संस्था के सदस्यों का बड़ा सहयोग रहा।

# हरीश कुमार बने सुब्रोश श्रमिक यूनियन के प्रधान

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस



**गुडगांव।** आईएमटी मानेसर स्थित सुब्रोश श्रमिक यूनियन की आमसभा का आयोजन श्रमिक संगठन एटक के कार्यालय में किया गया, जिसमें चुनाव अधिकारी कामरेड बलवीर कंबोज की देखरेख में यूनियन के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। हरीश कुमार प्रधान, गौरव कुमार उप प्रधान, विनोद कुमार महासचिव, धर्मपाल सिंह सचिव, रामप्रताप गर्ग प्रचार सचिव, मदनमोहन संगठन सचिव, शिवराम गोला कोषाध्यक्ष व अनिल पंवार को कानूनी सलाहकार चुना गया। कामरेड अनिल पवार ने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे एकजुट रहें और अपनी जायज मांगों की लड़ाई लडने् के लिए मजबूती के साथ आगे बढ़ें। संगठन में ही शक्ति है। संगठित होकर अपनी मांगों को मनवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार श्रमिकों की आवाज दबाने के लिए लेबर कोड थोपने का काम किया जा रहा है। इसका जबाव सभी संगठनों को सामूहिक रुप से देना होगा। एटक की राष्ट्रीय महासचिव कामरेड अमरजीत कौर इन मुद्दों को जोरशोर से उठा रही हैं। प्रधान हरीश कुमार का कहना है कि श्रमिक यूनियन द्वारा शीघ्र ही श्रमिकों से संबंधित सामूहिक मांगपत्र प्रबंधन को सौंपा जाएगा। यूनियन का प्रयास रहेगा कि प्रतिष्ठान में शातिंपूर्ण वातावरण रहे और श्रमिकों की समस्याओं का जल्द निपटारा हो। इस अवसर पर सभा को बलवीर कंबोज, विनोद कुमार, गौरव, धर्मपाल, चतर सिंह संत कुमार, रमेश कुमार, शिव कुमार आदि ने भी संबोधित किया।

# गुरुग्राम पुलिस द्वारा काबू किए गए 08 आरोपियों द्वारा साईबर ठगी की पूरे भारत में लगभग 83 करोड़ 21 लाख रुपयों की ठगी करने के संबंध में कुल 8818 शिकायतों का गुरुग्राम पुलिस ने किया खुलासा।

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** श्री प्रियांशु दिवान एचपीएस, सहायक पुलिस आयुक्त साईबर अपराध, गुरुग्राम के नेतृत्व में गुरुग्राम के साईबर अपराध पुलिस थानों की पुलिस टीमों द्वारा निम्नलिखित 08 साईबर ठगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की थी आरोपी कपिल व हिमांशुः इन साईबर ठगों को पुलिस थाना साईबर अपराध पूर्व, गुरुग्राम में बतौर अनुसन्धान अधिकारी तैनात मुख्य सिपाही नितिन द्वारा दिनांक 26.12.2024 को अभियोग संख्या 391/2024 पुलिस थाना साईबर अपराध पूर्व, गुरुग्राम में गिरफ्तार किया था। प्रकाश सिंघा निवासी गांव हिदीपी बाजार जिला करबी आलोंग (असम)ः इस आरोपी को पुलिस थाना साईबर पूर्व, गुरुग्राम में अनुसन्धान अधिकारी के रूप में तैनात उप निरीक्षक मनोज ने पुलिस टीम के साथ मिलकर दिनांक 26.12.2024 को अभियोग संख्या 239/2024 पुलिस थाना साईबर अपराध पूर्व, गुरुग्राम में गिरफ्तार किया था। रवि प्रसाद गुर्जर, सुनील यादव व अमितः इन आरोपियों को पुलिस थाना साईबर पूर्व, गुरुग्राम में बतौर अनुसन्धान अधिकारी तैनात मुख्य सिपाही नवीन द्वारा दिनांक 18.09.2024, 19.09.2024, 21.12.2024 को काबू करके अभियोग संख्या 252/2024 पुलिस थाना साईबर अपराध पूर्व, गुरुग्राम में नियमानुसार गिरफ्तार किया गया था। सुरेंद्र सिंह व जितेंद्र सिंह राजावतः इन आरोपियों को पुलिस थाना साईबर पूर्व, गुरुग्राम में बतौर अनुसन्धान अधिकारी तैनात उप निरीक्षक मनोज द्वारा दिनांक 21.12.2024 को काबू करके अभियोग संख्या 215/2024 पुलिस थाना साईबर अपराध पूर्व, गुरुग्राम में नियमानुसार गिरफ्तार किया गया था। गुरुग्राम पुलिस द्वारा उपरोक्त आरोपियों के कब्जा से बरामद किए 06 मोबाईल फोन्स का इंडियन साईबर क्राईम कोर्डिनेशन सेंटर से जांच/डाटा के अवलोकन कराने पर ज्ञात हुआ कि उपरोक्त आरोपियों के विरूद्ध देशभर में लगभग 83 करोड 21 लाख रुपयों की ठगी करने के संबंध मे कुल 8818 शिकायतें और 336 अभियोग दर्ज है, इन अभियोगों में से 15 अभियोग हरियाणा में जिनमें से थाना साईबर अपराध पूर्व, गुरुग्राम में 04 अभियोग अंकित है। गुरुग्राम पुलिस द्वारा की जांच में यह सामने आया कि उपरोक्त आरोपी लोन ऐप तथा इन्वेस्टमेंट के नाम पर धोखाधडी करके ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त आरोपियों के कब्जा से 06 मोबाईल फोन्स बरामद किए गए थे, मोबाइल फोन जांच से कराने उपरान्त की जांच रिपोर्ट के आधार पर गुरुग्राम पुलिस ने उपरोक्त आरोपियों द्वारा किए गए साईबर अपराधों का खुलाशा किया है।

# विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है भारत- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

- लोगों ने पिछले 10 वर्षों में विकास का स्वाद चखा है- उपराष्ट्रपति
- विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को लेना होगा संकल्प
- मास्टर्स यूनियन प्रबंधन संस्थान के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे उपराष्ट्रपति

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि युवा इच्छा शक्ति के आधार पर सपनों को साकार करने में अवश्य सफल हो सकते हैं। आर्थिक विकास और लोगों की बढ़ती अपेक्षाओं का उल्लेख करते हुए उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि लोगों ने पिछले 10 वर्षों में विकास का स्वाद चखा है। अब उनकी उन्नति की उम्मीदें और बढ़ गई है। हमारा भारत बदल रहा है। यह इतना बदल चुका है कि हम जैसे लोग कभी कल्पना भी नहीं कर सकते थे। आज हमारा भारत दुनिया के लिए एक उदाहरण बन चुका है। पिछले दशक में दुनिया में कोई भी देश इतनी तेजी और स्थिरता से नहीं बढ़ा है, जितना भारत बढ़ा है। अब लोगों की अपेक्षाएं बहुत अधिक हैं। इन अपेक्षाओं को पूरा करना होगा। आपको आउट ऑफबॉक्स सोचना होगा। गुरुग्राम साइबर पार्क स्थित प्रबंधन शिक्षण संस्थान मास्टर्स यूनियन के चौथे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत कर रहे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि युवाओं को खुद पर विश्वास करना चाहिए। लोकतंत्र को प्रभावी बनाने में युवाओं की भूमिका और संसद के प्रतिनिधियों और जन प्रतिनिधियों के कर्तव्यों को दोहराते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि आप मुझे संविधान सभा की याद दिलाते हैं। जिन्होंने कठिन मुद्दों पर चर्चा की। सहमति प्राप्त करना आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने बहस, संवाद, विचार-विमर्श और चर्चा में विश्वास किया। वे कभी भी विघटन या व्यवधान में नहीं लगे। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि आप शासन के सबसे प्रभावशाली हिस्सेदार हैं। आप विकास के इंजन हैं। अगर भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो चुनौती बहुत बड़ी है। हम पहले ही पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बन चुके हैं लेकिन आय आठ गुना बढ़ानी होगी। यह एक बड़ी



चुनौती है। इस पर कार्य करना होगा। स्वामी विवेकानंद के शब्दों को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि उठो, जागो और तब तक मेहनत करो, जब तक कि आप मंजिल तक पहुंच नहीं जाते। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को मैनेजमेंट पाठ्यक्रम पूरा करने की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारा देश करीब पांच हजार साल पुरानी सभ्यता की विरासत को साथ लेकर चल रहा है। भारत की दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक है और दुनिया के दूसरे देश भी हमारी पुरातन संस्कृति का लोहा मानते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी परंपराओं पर चलते हुए युवाओं को देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। हमारे पास बेहतरीन मानव संसाधन और नौकरशाही है, जो किसी भी बदलाव को ला सकती है। उपराष्ट्रपति ने राज्य के कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल और जिला उपायुक्त अजय कुमार से कहा कि गुरुग्राम में सभी मूलभूत नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए गुरुग्राम को ग्रीन ग्राम भी बनाना है। लोगों को बेहतर व्यवस्थाएं देनी हैं। गुरुग्राम प्रशासन से उन्हें काफी उम्मीदें हैं। जितनी भी जनसमस्याएं हैं, उन्हें दूर करने में लोगों को भी प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि वर्तमान सरकार ने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण प्रदान कर एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। वर्ष 2023-24 में कर्तव्य पथ पर महिला शक्ति का प्रदर्शन किया गया। मास्टर्स यूनियन संस्थान परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व उनकी धर्मपत्नी डा. सुदेश धनखड़ ने एक पेड़ मां के नाम से पौधे भी लगाए। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति के साथ मंच पर हरियाणा प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल, राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल, मास्टर्स यूनियन के संस्थापक प्रथम मित्तल, जिला परिषद की चेयरमैन दीपाली चौधरी, गुरुग्राम के उपायुक्त अजय कुमार, डीसीपी नाजनीन भसीन, एसडीएम रविंद्र कुमार मौजूद रहे।

# आज धूमधाम से मनाया जाएगा लोहड़ी का पर्व

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडगांव।** पंजाब व हरियाणा के प्रमुख त्यौहारों में से एक लोहड़ी का पर्व आज सोमवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस पर्व को नई फसलों से जोड़ कर भी इस पर्व को देखा जाता है। साईबर सिटी के निवासियों में इस पर्व को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। लोहड़ी के पावन अवसर पर लोग मूंगफली, तिल व रेवड़ी को इक-ा कर प्रसाद के रूप में इसे तैयार करते हैं और आग में अर्पित करने के बाद आपस मे बांट लेते हैं। जिस घर में नई शादी हुई हो या फिर बच्चे का जन्म हुआ हो वहां यह पर्व काफी उत्साह व नाच-गाने के साथ मनाया जाता है। लोहड़ी पर्व की रात को परिवार व आस-पड़ोस के लोग इक-े होकर लकड़ी जलाते हैं। इसके बाद तिल, रेवड़ी, मूंगफली, मक्का व गुड़ अन्य चीजें अग्नि को समर्पित करते हैं। परिवार के लोग आग की परिक्रमा कर सुख-शांति की कामना करते हैं। अग्नि परिक्रमा की पूजा के बाद रेवड़ी व मूंगफली को प्रसाद के रुप में सभी लोगों को वितरित किया जाता है। रविवार को शहर के मुख्य सदर बाजार, जैकबपुरा, सोहना चौक, रामलीला मैदान, ओल्ड व न्यू रेलवे रोड सहित सैक्टरों स्थित बाजारों की दुकानों पर मूंगफली, रेवड़ी आदि खरीदने वालों की भारी भीड़ दिखाई दी। नामी-गिरामी मिष्ठान भण्डारों पर भी लोग मूंगफली, रेवड़ी व उपहार आदि खरीदते दिखाई दिए।

# करनाल में विधायक जगमोहन आनंद ने चाय पर चर्चा में जनता से किया सीधा संवाद, बोले- यह राजनीतिक मंच नहीं

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने रविवार को नेहरू पैलेस स्थित भारतीय टी स्टॉल पर चाय पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान जनता से संवाद किया। इस कार्यक्रम में आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं विधायक के सामने रखीं, जिनका मौके पर समाधान किया गया। जगमोहन आनंद ने कहा कि यह कार्यक्रम किसी भी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि जनता के दुख-सुख को सुनने और उनके समाधान के लिए है। उन्होंने कहा कि मुझे करनाल की जनता ने अपने सेवा के लिए चुना है, और मेरा कर्तव्य है कि मैं हमेशा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहूं। विधायक ने यह भी बताया कि यह कार्यक्रम हर रविवार को सुबह 7 बजे आयोजित होगा, जिसमें करनाल के लोग आकर अपनी समस्याएं साझा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह मंच सिर्फ जनता के लिए है। मैं हमेशा अपने लोगों के साथ खड़ा हूं, ताकि वे महसूस कर सकें कि उनका विधायक नहीं, बल्कि



उनका अपना व्यक्ति उनके साथ है। पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री सुंदरलाल द्वारा करनाल में शुरू किए गए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताते हुए जगमोहन आनंद ने कहा कि मैं करनाल के विकास को निरंतर आगे बढ़ाता रहूंगा। उन्होंने विपक्ष के नेताओं को भी आमंत्रित करते हुए कहा कि वे आकर देखें कि यह कोई राजनीतिक मंच नहीं, बल्कि आम जनता के दुख-सुख को सुनने और उनके समाधान का एक माध्यम है।

# Samsung Galaxy S23 Series Renders Tip Multiple Colour Options, Galaxy S23 Ultra




Samsung's first Galaxy Unpacked event of this year is approaching and rumours about new Galaxy S23 series smartphones are coming in. In a recent update, several images showing off the Galaxy S23 handsets have surfaced online, offering a glimpse of their design. The upcoming lineup seems to share the design language of the Galaxy S22 series. Newly leaked renders suggest S Pen support for the Galaxy S23 Ultra. The vanilla Galaxy S23, Galaxy S23+ and Galaxy S23 Ultra are also tipped to come in at least four colour options. Tipster Evan Blass (@evleaks) tweeted alleged renders of Galaxy S23, S23+, and S23 Ultra without any watermarks. New high-resolution renders suggest four colourways for the upcoming smartphones. These could be called Phantom Black, Cotton Flower (Cream), Botanic Green, and Misty Lilac. They look almost similar to the design of their predecessors, Galaxy S22, Galaxy S22+, and Galaxy S22 Ultra, respectively. The Galaxy S23 Ultra is seen to sport an S Pen slot. All three devices appear to have a hole-punch cutout on display to house the selfie shooter. The renders show the Galaxy S23 and Galaxy S23+ with a triple rear camera unit and an LED flash. The Galaxy S23 Ultra, in contrast, is seen featuring a quad camera setup at the rear. The power and volume buttons are seen placed on the left spine of the handsets. Samsung Galaxy Z Fold 5 to Have an S-Pen Slot: Report Samsung is set to launch the Galaxy S23 series on February 1 during its Galaxy Unpacked 2023 event. It will start at 11:30pm IST and it will be livestreamed via the company's official channels. The company has started pre-reservations for the upcoming flagship Galaxy S smartphones in India with a token payment of Rs. 1,999. Samsung Galaxy S23 Series, Galaxy Book 3 Pre-Order Reservation Begins in US Although the company hasn't confirmed any specifications of Galaxy S23 smartphones, recent leaks suggest that the devices will be powered by Qualcomm's latest Snapdragon 8 Gen 2 SoC. The Galaxy S23 Ultra is expected to feature a 200-megapixel sensor.

# Vivo Y56 5G Price in India, Design, Launch Date and Key Specifications



Vivo is set to launch the Y100 smartphone in India on February 16. The mid-range handset is expected to be powered by a MediaTek Dimensity 920 chipset and is likely to be available in at least two colour-changing variants - Black and Gold. A recent leak suggests that the Chinese phone manufacturer might launch another smartphone in the Indian market before the Y100. The company is expected to launch the Vivo Y56 smartphone in India on February 15, according to the leak, which also hinted at other key specifications and features. Details of the Vivo Y56 5G smartphone were leaked by The Tech Outlook in collaboration with tipster Paras Guglan. Vivo is likely to launch the Y56 5G smartphone in India on February 15, in at least two colour variants: Orange Shimmer and Black Engine. According to the report, the pricing for the Vivo Y56 5G in India is likely to start from Rs. 18,999 for the base variant. However, Vivo is yet to officially announce any pricing details for the handset. The phone will reportedly be available in 4GB + 128GB, and 8GB + 128 GB RAM and storage configurations. The smartphone will let users "expand" the available memory by utilising unused storage. Vivo Y100 5G Design, Specifications and Price Leaked Ahead of Launch The Vivo Y56 is expected to feature a 6.58-inch HD+ display. It is likely to run Funtouch OS 13 based on Android 13. The report adds that the smartphone is expected to be powered by a MediaTek Dimensity 700 chipset. The Vivo Y56 will reportedly pack a 5,000mAh battery with 18W fast charging support. For optics, the purported Vivo Y56 5G device is expected to feature a dual rear camera setup with a 50-megapixel primary sensor and a 2-megapixel lens. The device is also likely to house a 16-megapixel front camera in a centre-aligned tear drop cutout, seen at the top of the display in the leaked images. A leaked image shows two circular camera cutouts flanked by an LED flash. Meanwhile, the Vivo Y100, confirmed to launch on February 16, is expected to feature a 6.3-inch AMOLED display with a refresh rate of 90Hz and is likely to be powered by a MediaTek Dimensity 920 chipset, as suggested by previous reports.

# Tecno Phantom X2 5G review: A surprise package packed with power

Tecno as a brand is known for its budget and mid-budget smartphones. The company has a strong portfolio of smartphones consisting of devices such as Pova 4 and the Camon 19 Pro series that offer features and performance in under 25K price segment. But recently, the company did something unexpected and unthinkable. It launched the Phantom X2 series and with that, the company took a leap to the premium mid-budget smartphone segment. For the unversed, the Tecno Phantom X2 series includes two smartphones – the Phantom X2 Pro 5G and the Phantom X2 5G, which is the star of this review, costs Rs 39,999 in India. Also Read - Intel




launches 13th-gen Core i9 processor with 6GHz speed: Check details The Tecno Phantom X2 5G has all the hallmarks of a power performer – a curved-screen AMOLED display, a glass body, a high-end processor (Dimensity 9000), a 64MP triple camera setup, a large battery and 5G connectivity to name a few. But it faces stiff competition from established rivals such as Xiaomi Mi 11T Pro 5G, Asus ROG Phone 5s 5G, and OnePlus 10R. Also Read - Riot celebrates success of Valorant's Indian agent Harbor by displaying Mural Art and Billboards across India Under the circumstances, the question isn't if the phone is capable of delivering what it promises, but if it is able to stand tall against the competition. We will try to answer that and more in the detailed review below. But before we get there, let's take a look at its detailed specifications. Also Read - Microsoft Teams gets chat bubbles, 4K display support and more Tecno Phantom X2 5G specifications Display: 6.8-inch Curved AMOLED display with 120Hz screen refresh rate, 1080×2400 resolution, Gorilla Glass Victus Processor: MediaTek Dimensity 9000 Storage: 8GB of RAM, 5GB of extended RAM (13GB of LPDDR5 RAM) and 256GB of UFS3.1 storage Operating System: Android 12-based HiOS 12.0 Camera: 64MP ultra clear night portrait lens with RGBW sensor + 13 MP wide angle lens + 2MP sensor, 32MP front camera Battery: 5160mAH battery with 45W wired charging support Connectivity: 5G, WiFi 6, Bluetooth v5.3, Colours: Moonlight Silver and Stardust Grey Tecno Phantom X2 5G review: Design There are a lot of smartphones in the premium mid-budget segment right now, but few have the beauty and the grace that sets them apart from the rest. Tecno Phantom X2 5G is among the few devices in its price segment that is simple yet incredibly elegant, which makes all the difference. The phone comes with a unibody double curved screen design with a 3.5D Lunar Crater Dazzling stained glass at the back, which Tecno says is inspired by moon's craters.

# Samsung Odyssey OLED G8, Odyssey G7 and G7 Neo gaming monitors

Samsung on Tuesday launched the latest range of Odyssey Gaming monitors for Indian consumers. The Odyssey OLED G8, Odyssey G7, and G7 Neo are the latest addition to the Odyssey Gaming Monitor series with features such as Neo Quantum processor, HDR true black 400, Smart entertainment, and AMD FreeSync Premium Pro. The new range of gaming monitors are said to offer a next-level gaming experience as well as entertainment on the same screen with its Smart Entertainment feature. With the inbuilt entertainment hub feature, consumers can convert the gaming monitor into a smart TV with just a click. According to the company, these monitors are engineered and designed to offer faster refresh rates, better gaming, and viewing experience, enhanced audio system, and higher pixel density, packed in a premium slim metal design. The latest line-up of the Odyssey monitors are for gamers because they come with a fast response time and a superior picture quality, making their gaming experience more immersive. Price and Availability: Odyssey OLED G8 monitor comes in Silver colour in India at a price of Rs 1,75,000. Odyssey Neo G7 will be available in White colour for 43-inch and Black colour for 32-inch at Rs 1,00,000 and Rs 1,30,000, respectively. Odyssey G7 in Black colour will be available at price of Rs 75,000. Customers can buy monitors from Samsung's official online store




Samsung Shop, Amazon, and all leading retail stores. Odyssey OLED G8 and Odyssey Neo G7 will be available on an Instant Discount of Rs 1,750 on debit and credit cards of ICICI and leading banks along with a no cost EMI. Odyssey OLED G8 Specifications: The fastest OLED Gaming Monitor among the range of Odyssey monitors, the Odyssey OLED G8 aims to provide a life-like viewing experience due to the Samsung Neo Quantum Processor installed in it. The GTG 0.1ms and 175Hz.refresh rate makes the gaming.

# Bitcoin Sees Profit Spike as Ether, Other Altcoins Record Losses

Bitcoin on Friday rose in value by 2.38 percent. The price of the most valuable crypto asset, at the time of writing, stood at the point of $18,767 (roughly Rs. 15,27 lakh). Bitcoin maintained a similar position on international exchanges including Binance, Coinbase, and CoinMarketCap. The crypto market has begun to show signs of recovery with the prices of several cryptocurrencies having spiked in recent days. In the last 24 hours, the value of BTC has grown by $560 (roughly Rs. 45,570). Polygon, Polkadot, Tron, and Uniswap followed Bitcoin towards the profit-minting side of Gadgets 360's crypto price tracker. Avalanche prices surged by 25 percent in the last 14 hours, after Amazon Web Services (AWS) inked a deal with its creator, Ava Labs to provide a crypto-friendly infrastructure via Amazon's AWS. Samsung Asset Management to List Bitcoin ETF on Hong Kong Stock Exchange Cosmos, Wrapped Bitcoin, Bitcoin Cash, Elrond, and Zcash also recorded profits on the crypto price chart. "It is a good sign indicating investors are coming back to the market. However, it is time to apply caution and only move towards dollar cost averaging," Edul Patel, the CEO of crypto investment platform Mudrex told Gadgets 360. The overall crypto market rose by 1.95 percent in the last 24 hours. After weeks of laying lowly, the global valuation of the crypto sector has reached $907.23 billion (roughly Rs. 73,82,651 crore), showed the data by CoinMarketCap. Ethereum Set to Undergo Shanghai Update in March, Here's What It Means In one day, the market cap has risen by $17 billion (roughly Rs. 1,38,360 crore). "This recent surge in crypto prices is on the back of upcoming monthly inflation data in the US, where economists are predicting negative month-on-month growth or deflation, as the unprecedented increase in Fed rates has finally started resulting in a cool-off in prices. This has resulted in increased buoyancy across 'risk-on' asset classes, with equities rising sharply. as well," Parth Chaturvedi, Crypto Ecosystem Lead at CoinSwitch crypto exchange, told Gadgets 360. Meanwhile, a bunch of popular altcoins recorded losses on Friday. Ether, for instance, opened with a loss of 0.28 percent. Despite the minor gain,

# Garmin Instinct Crossover Solar Review: A Fun, Multi-Sport Smartwatch

Garmin's Instinct Crossover Solar hybrid smartwatch is an update to its Instinct 2S Solar, which was launched in India last year. While the Instinct 2S Solar was launched as a multi-sport smartwatch with a rugged design, the Instinct Crossover Solar adds several updates. The visual updates include analogue hands for timekeeping, and a solar panel which can be used to charge the watch and power it infinitely. While the watch is quite unique for a Garmin device, being the first smartwatch in its arsenal to combine the two features, there's plenty more here to check out so let's begin. Garmin Instinct Crossover Solar price in India The Garmin Instinct Crossover Solar is available in two variants. There's the base Instinct Crossover variant called the Standard edition, which is priced at Rs. 55,990. The second in line is the solar variant, which is the one I have for review and is available at Rs. 61,990. As the name implies, it comes with the addition of a solar panel. Garmin Instinct Crossover Solar design and specifications The two variants of the new Garmin Instinct Crossover have the same external design but with slightly varying finishes. The Standard edition comes in Blue Granite and Black finishes, while the Solar variant comes in Graphite and Tidal Blue. I received former colour for review. The Garmin Crossover Solar's design is fairly similar to the previous Instinct 2 and the Instinct 2S series and features a case that's made of a fibre-reinforced polymer with a stainless steel bezel insert. Compared to the Instinct 2 series, the display glass sits a lot higher and closer to the protective bezel which also makes it vulnerable to scratches. Thankfully, despite having a few close calls, the lens which is made out of 'Power Glass' got just one tiny scratch during my review. The watch, while having double the thickness of the Apple Watch Series 8 Review, looks tough and rugged, and can take quite a beating. The case size measures 45mm and the watch has a thickness of 16.2mm. Garmin Instinct Crossover Solar front design ndtv Garmin InstinctCrossoverSolar Garmin The Garmin Instinct Crossover Solar looks very similar to the Instinct 2S model The watch, with its removable silicone straps, weighs 65g and has a



water rating of 10 ATM. It is also MIL-STD-810 certified for durability. Despite its rugged exterior and heavier than usual weight compared to a regular smartwatch, I did find the Garmin Instinct Crossover Solar quite comfortable to wear on a daily basis. The 22mm silicon straps are long enough to fit wrists of all sizes and Garmin sells some colourful options separately. The straps come with the common quick release mechanism.which is a bit difficult to access as the pins sit deep inside the lugs and requires a pointed tool to access. Below the lens of the Garmin Instinct Crossover Solar is the cutout dial with all the necessary markings with luminescent paint to tell time. On the same level are the watch hands which are guided by Garmin's Revodrive technology which claims to be able to maintain accurate timekeeping in all types of conditions (which also includes severe impacts). Finally, below the hands sits the 1.28-inch monochrome transflective

# संपादकीय | क्या तालिबान से खत्म हो रहीं दूरियां?


अफगानिस्तान में तालिबान सरकार बनने के बाद भारत के साथ उसके रिश्तों में दूरी आ गई है। मगर अब अफगानिस्तान ने फिर से दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। वहां के कार्यवाहक विदेशमंत्री ने मानवीय सहायता के लिए भारत का आभार जताते हुए कहा कि वे अर्थव्यवस्था केंद्रित विदेश नीति के अनुरूप राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करना चाहते हैं। उन्होंने अपील की कि भारत व्यापारियों, रोगियों और विद्यार्थियों के लिए वीजा जारी करना शुरू करे। उनकी अपील पर भारत ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। दरअसल, भारत भी चाहता है कि अफगानिस्तान के साथ उसके रिश्ते फिर से मजबूत हों।

उसके साथ व्यापारिक गतिविधियां बढ़ें और परियोजनाओं पर काम शुरू हो। मगर चूंकि वहां तालिबान के सत्ता में आने के बाद दुनिया के अनेक देशों ने उस पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए और तालिबान के सत्ता हथियाने के तरीके को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विरुद्ध माना गया, इसलिए भारत ने भी स्वाभाविक ही उससे दूरी बना ली। हालांकि जरूरत के वक्त भारत उसे मानवीय सहायता प्रदान करता रहा है। मगर अफगानी छात्रों के लिए वीजा जारी करने संबंधी फैसले को लेकर काफी समय से मंथन चल रहा है। इसलिए इस पर भारत के लिए विचार करना मुश्किल नहीं है। दरअसल, वीजा न मिल पाने के कारण भारत में पढ़ रहे बड़ी संख्या में अफगानी छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है।



